हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.8 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

11 नीट की परीक्षा दोबारा करवाने की मांग, छात्रों ने किया प्रदर्शन



12 फैक्ट्रियों में लगी आग के बाद एसडीएम ने किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### निर्माणधीन कम्पनी से समान चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** राजलू गढी स्थित कम्पनी से चोर लोहे के पाइप व समान चोरी कर ले गए। कम्पनी कर्मचारी ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव उझा, पानीपत निवासी श्रवण ने बताया कि वह राजलू गढ़ी स्थित कम्पनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि कम्पनी में निर्माण कार्य चल रहा है। 24 मई की रात को कम्पनी से चोर 30 चाली, 50 लोहे के पाइप 10 फुट व 5 फुट के चोरी कर ले गए। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कही पता नही चला। बड़ी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव छतेहरा में घर के बाहर से गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। गाड़ी मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव छतेहरा निवासी विकास ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को गत 10 जून को देर रात करीब 10 बजे घर के पास मंदिर के साथ खड़ी कर दिया। उसके बाद अच्छी तरह से लॉक करके घर चला गया। सुबह गली में खड़ी गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच एसआई अशोक ने बताया कि जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### शराब पीकर सो गया युवक, बाइक चोरी

**सोनीपत।** शराब पीने के बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 पर सो गए युवक की चोर बाइक चोरी कर ले गए। जब वह सुबह उठा तो चोरी का पता लगा। सोनीपत निवासी सोमबीर ने राजकीय रेलवे पुलिस को बताया कि वह 9 जून को अपने भाई की बाइक लेकर शराब के नशे में सोनीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 के पास खड़ी कर के वहीं सो गए। वह रात करीब 11 बजे स्टेशन पर आए थे। तडके चार बजे उनकी आंख खुली तो बाइक वहां नहीं थी। उन्होंने आसपास देखा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसके बाद उन्होंने रेलवे पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार की राशि निकाली

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गीता भवन चौक स्थित एटीएम पर नकदी निकालने आई युवती का डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि जब वह एटीएम बूथ पर आई तो वहां दो व्यक्ति खड़े थे। जिन्होंने धोखाधड़ी से डेबिट कार्ड बदलकर वारदात को अंजाम दिया। गांव बैंयापुर निवासी सोनिया ने बताया कि वह मंगलवार को अपने पिता का डेबिट कार्ड लेकर गीता भवन चौक स्थित यूनियन बैंक के एटीएम बूथ पर आई थी। नकदी निकालने के दौरान बूथ पर मौजूद दो लोगों ने धोखे से उनका डेबिट कार्ड बदल लिया। बाद में उनके पिता के डेबिट कार्ड से पांच बार में 40 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। घर जाने के बाद उन्हें धोखाधड़ी का पता लगा। जिस पर उन्होंने सिविल लाइन थाना पुलिस को अवगत कराय। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को चोरी व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# नागरिक अस्पताल में समस्याओं का अंबार, परिसर में हर तरफ गंदगी के ढेर

कूड़ा-कर्कट में शरारती तत्व लगा देते हैं आग, पेड़-पौधों को पहुंचाते हैं नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

- छत से पानी टपकने की समस्या का नहीं हो रहा समाधान
- परिसर में जगह-जगह भरा रहता है दूषित पानी


नागरिक अस्पताल में समस्याओं का अंबाद हर तरफ देखने को मिल रहा है। परिसर से लेकर शौचालयों में गंदगी आम बात है। परिसर के साथ-साथ आपाताकालीन कक्ष की छत से पानी टपकने की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। आपाताकालीन कक्ष के बाहर रखे डस्टबीन के साथ पड़ी गंदगी का समय पर उठान नहीं हो पा रहा है। अस्पताल परिसर में सफाई को लेकर हर माह लाखों रुपये खर्च किए जाते है, लेकिन उसके बावजूद परिसर में समस्याएं कम नहीं होने का नाम ले रही है। प्रबंधन की तरफ से कूड़े के समय पर उठान करने स डस्टबीन सहित शौचालयों में टूटी सीटों को ठीक करवाने का आश्वासन दिया है। बता दें कि नागरिक अस्पताल की ईमारत काफी पूरानी हो चुकी है। अस्पताल के आपाताकालीन कक्ष की छत से पानी टपकने के चलते ईमारत का खस्ता हालत में पहुंच चुकी है।

वहीं अस्पताल में हर रोज मौजूदा समय में दो हजार के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन दर्ज किए जा रहे है। अस्पताल में मरीजों को लंबी लाइनों में लगकर उपचार मिल पा रहा है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लाइन, ओपीडी में लंबी लाइन, लैब में टेस्ट करवाने के लिए लंबी लाइन के साथ-साथ दवाइयां लेने के लिए मरीजों को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। अस्पताल के मुख्य गेट पर ई-रिक्शा चालक अतिक्रमण करके बैठे हुए है। मरीजों को आने-जाने सहित एंबुलेंस को अंदर आने में समस्याएं सामने आ रही है। वहीं परिसर में पड़ी गंदगी में शरारती तत्व आग लगा देते है। गत दिनों पहले टीबी विभाग के सामने पड़े कूड़े में अज्ञात युवक ने आग लगा दी। जिसमें स्टाफ कर्मचारी की गाड़ी सर्तकता से बचा ली। वहीं आसपास के पेड़-पौधों को आग में झुलस गए। जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है।





सोनीपत। शौचालय की टूटी पड़ी सीट व सीवर ब्लॉक के चलते भरा दूषित पानी।







सोनीपत। परिसर में अलग-अलग स्थानों पर पड़ी गंदगी तथा मुख्य गेट के सामने वाहनों का अतिक्रमण।

### शौचालय की सीट टूटी समय पर सफाई नहीं

समाजसेवी संदीप बत्रा कानूनी सेवक एवम ज़िला संयोजक सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत हरियाणा द्वारा जन हित में अनुरोध करते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल सोनीपत हरियाणा के परिसर में स्वच्छता के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। मरीजों की तरफ से तरफ से वार्डों में साफ सफाई की कमी विशेष तौर पर शौचालय में जाले नहीं साफ किए जाते।

फटी हुई चादर बेडों पर मरीजों के लिए बिछाई जाती है। शौचालय में फल्श टूटे हुए हैं। पेड़ पौधों को पानी समय पर नहीं दिया जा रहा है। परिसर के अदर की सड़के टूटी पड़ी है। सीवर सिस्टम में सुधार की जरूरत है, मुख्य गेटों के अंदर एवं बाहर अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है।

> **परिसर में सफाई को लेकर जरूरी निर्देश जारी**
>
> गेट के बाहर अतिक्रमण को लेकर निगम को पत्र लिखा जायेगा। साथ ही परिसर में सफाई को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जल्द से जल्द परिसर में सफाई अवस्था को दूरूस्त कर दिया जायेगा। शौचालय में कुछ खामियां मिली है, जिन्हें जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जायेगा। मरीजों के लिए हर संभव बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।
>
> डा. गिन्नी लांबा, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

## रामप्रसाद बिस्मिल की 127वीं जयंती मनाई

- हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे राम प्रसाद बिस्मिल : दांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

सेक्टर 7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में मंगलवार को राम प्रसाद बिस्मिल की 127वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा राम प्रसाद बिस्मिल हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। बचपन से ही उनमें देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उनका जन्म 11 जून 1897 को उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ। बचपन में ही वह आर्य समाज से जुड़ गए। बिस्मिल अपने देश की आजादी के लिए बातचीत या भीख के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने अपने क्रांतिकारी साथियों के साथ मिलकर एक सेना हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने की। वे बोले कि राम प्रसाद बिस्मिल ने अपने साथियों के साथ मिलकर काकोरी कांड किया और अंग्रेजों ने 18 महीने की लंबी जांच के बाद बिस्मिल अशफाक उल्ला खान और राजेंद्र लहरी को 19 दिसंबर 1927 को फांसी पर लटका कर मार दिया। जयंती समारोह में सुरेश पंवार, जोगेंद्र मक्कड़, महावीर शर्मा, आशीष, पूर्व एमसी रमेश वर्मा, ज्योति मक्कड़, सुनीता सैनी, पूनम मदान, रोशनी, निर्मला, सोनिया और रामरती मौजूद रहे।



गोहाना। रामप्रसाद बिस्मिल को नमन करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

## जेजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष ने पार्टी को कहा अलविदा

**गोहाना।** जननायक जनता पार्टी को एक के बाद एक जोर के झटके जोर से लग रहे हैं। मंगलवार को सोनीपत जजपा के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राम मेहर राठी ने पार्टी को अलविदा कह दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें जजपा ने पूरा मान-सम्मान दिया, लेकिन वह अनुशासनहीनता से आहत थे। डॉ. राम मेहर राठी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह यह बिलकुल नहीं कहेंगे कि उन्हें पार्टी में इज्जत नहीं मिली। उनका भरपूर मान-सम्मान हुआ। लेकिन वह अनुशासनहीनता से आहत थे। पार्टी के नेता एक-दूसरे के बारे में अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। संज्ञान लेने के स्थान पर शीर्ष नेतृत्व मूकदर्शक बना हुआ है।

## विवि में किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

- छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के होटल प्रबंधन विभाग में आज कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम नियमित रूप से विश्वविद्यालय में आयोजित किए जाते हैं।

होटल प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष डॉ. पंकज मिश्रा ने बताया कि हाइवे इंडस्ट्रीज के प्रतिष्ठित ब्रांड मन्नत ग्रुप ऑफ होटल ने इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विजिट की। इस ड्राइव में विभाग की पीजी व यूजी पाठ्यक्रम की 20 छात्राओं ने भाग लिया। मन्नत ग्रुप ऑफ होटल के अधिकारियों जतिन तोमर, जितेश मलिक एवं प्रवीण गुप्ता ने विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली की जानकारी दी तथा प्री-प्लेसमेंट टॉक एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया। शॉर्टलिस्ट की गई छात्राओं को आगामी प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। इस अवसर पर विभाग के टीपीओ डॉ दिनेश, प्राध्यापक डॉ पवन कुमार, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



गोहाना। महिला विवि के होटल प्रबंधन विभाग में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि

## गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू सड़क की मरम्मत का काम शुरू, 11.61 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

शहर में अब विकास कार्य तेज हो गए हैं। लंबे समय से बदहाल स्थिती में पड़ी गन्नौर से शाहपुर रोड वाया खुबडू सड़क के मुरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। 16.70 किलोमीटर इस लंबी सड़क पर 11 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। विधायक ने पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन पंकज गौड़ व एसडीओ रविन दत्ता को सड़क रिपेयरिंग के कार्य किसी भी तरह की कमी न बरतने और जल्द से जल्द से सड़क रिपेयरिंग को पूरा करने के निर्देश दिए। एक्सईएन पंकज गौड़ ने बताया कि सड़क रिपेयरिंग के लिए छह महीने का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन एजेंसी सड़क को तीन महीने में ही तैयार कर देगी। इस मौके पर भोपाल रापरिया, महक फौगाट, जेई नवनीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### कई वर्षों से नहीं हुआ जीर्णोद्धार

शहर को वाया खुबडू से शाहपुर एनएच 71ए से जोड़ने जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कई वर्षों से नहीं हुआ है। इस सड़क पर कई गांव भी लगते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। पिछले कई वर्षों से सड़क बुरी तरफ से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है और क्षेत्र के लोग रोड के निर्माण की बाट जोह रहे थे।

## तीन वारदातों में 5-5 हजार के ईनामी आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

- पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के दिए आदेश

सोनीपत पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच-पांच हजार रुपये के ईनामी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नाजीर मोहम्मद उर्फ नजरू निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश का है। आरोपित ने नाबालिग लड़की को अगवा किया था। मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था।

तीसरे आरोपित पर पुलिस की तरफ से पांच हजार का ईनाम रखा था। पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। वहीं दूसरे मामले में जानलेवा हमला करने की वारदात में आरोपित व पांच हजार के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल उर्फ मौला निवासी असारपुर का है। आरोपित पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने आरोपित पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वहीं तीसरी वारदात में पुलिस ने जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित मोहित उर्फ मोती निवासी सलारपुर माजरा को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर गांव रेवली में जानलेवा हमला करने का आरोप था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपित वारदात के बाद से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपित पर पांच हजार का ईनाम रखा था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### जिला अस्पताल में एनीमिया मुक्त अभियान शुरू

## 8.23 लाख लोगों के खून की होगी जांच

- जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने खुद खुन की जांच करवाकर की अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

जिला को एनीमिया मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिवसीय एनीमिया मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत मंगलवार को नागरिक अस्पताल से सिविल सर्जन डा. जयकिशोर द्वारा की गई। अभियान जिला में ग्रामीण व शहरी स्तर पर टीमों का गठन किया जा चुका है। इन सभी टीमों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस अभियान के तहत पीएचसी, सीएचसी, नागरिक अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्रों व औद्योगिक क्षेत्रों में 4552 शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा फील्ड स्टाफ गांव स्तर पर स्क्रीनिंग टेस्ट भी करेगा। सोमवार को अभियान की शुरूआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर ने बताया कि इसके लिए छह टारगेटिड ग्रुप जिसमें 0-5 वर्ष, 6-9 वर्ष, 10-19 वर्ष आयु के लोगों के खून की जांच की जाएगी। विशेष रूप से स्तनपान कराने वाली व गर्भवती महिलाएं के खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला के 08 लाख 23 हजार लोगों की खून की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अगर किसी व्यक्ति को एनीमिया पाया गया तो नागरिक अस्पताल द्वारा उसका ईलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी और इसी तरह बच्चों के लिए सिरप भी वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचबी का सामान्य मान 11 से अधिक माना जाता है, जबकि 10 से 10.9 के बीच का मान हल्का एनीमिया, 7 से 9.9 के बीच का मान मध्यम तथा 7 से कम का मान गंभीर एनीमिया की श्रेणी में आता है। इस मौके पर अभियान की नोडल अधिकारी अनविता कौशिक, डा. गिन्नी लांबा, डा. नीरज यादव, डा. स्वराज चौधरी, डा. जितेन्द्र, डा. भानू, डा. ज्योत्सना एवं डा. अनीता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।




सोनीपत। जिला स्वास्थ्य अधिकारी को पौधे देकर स्वागत करते स्वास्थ्य कर्मी।

## सीएम को पत्र सौंपकर रखी प्रमुख मांगें

- शहर की मुख्य समस्याओं के समाधान की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र सौंपकर हिन्दू कॉलेज वाले फ्लाईओवर की मंडी की तरफ उतरने वाने वनवे रास्ते को चौड़ा करवाने बारे, नया बस स्टैंड जीटी रोड पर बनाने, ऑडिटोरियम, ट्रैफिक पार्क तथा व्यापार भवन बनाने की मांग रखी है। मौके पर विधायक मोहन लाल बड़ोली तथा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा भी साथ रहे।

पत्र में लिखा है कि उपरोक्त सभी कार्य करवाने की घोषणा 2016 से 2018 के बीच तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की थी, योजनाओं के लिए जमीन भी ले ली गई परन्तु धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने नगर निगम के नए भवन का रुका हुआ निर्माण कार्य भी दोबारा शुरू करवाने का आग्रह किया है। राजीव जैन ने पत्र में लिखा है कि समय के साथ शहर में कुछ नई मांगें उत्पन्न हो गई हैं जिनमे कच्चे क्वार्टर मार्किट के सामने इएसआई हस्पताल को शिफ्ट कर पार्किंग बनाने, ऋषि कॉलोनी में वाटर बूस्टिंग स्टेशन की जमीन पर पार्क, ड्रेन नंबर 6 का कामी रोड पुल से नाहर सिंह शमशान घाट का हिस्सा भी ढकने, कालूपुर से ककरोई रोड तक का रास्ता पक्का कर मिनी बाईपास बनाने, कैलाशपुर गांव की जमीन राजस्व रिकॉर्ड में चढ़वाने का आग्रह भी किया है। शहर के पूर्वी हिस्से में पीने के पानी की कमी को देखते हुए जाजल में रेनीवेल योजना के तहत दो कुएं और बनवाने, मॉडल टाउन में वर्किंग वीमेन हॉस्टल की खाली जमीन पर पार्क बनाने, राठधना रोड पर पार्क का निर्माण तथा बिजली संकट को देखते हुए शहर में छह नए 33 केवी सब स्टेशन बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मांग रखी है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही हर विधानसभा में जनसंवाद के कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमे इन कार्यों को पूरा करवाने के प्रयास करेंगे।



सोनीपत। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र सौंपते पूर्व मंत्री कविता जैन, साथ में राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

फादर्स-डे, 16 जून स्पेशल

आवरण कथा / वंदना जोशी

पिता के लिए बेटी बहुत दुलारी होती है, उसे यूं ही नहीं 'पापा की परी' कहा जाता। बेटी का भी अपने पापा से बेहद जुड़ाव और प्यार होता है। उसे लगता है, पापा हैं तो उसकी हर ख्वाहिश पूरी होगी, सपने पूरे होंगे। पापा भी अनेक रूपों में उसकी खुशी पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक पिता यानी बाबुल के वो रूप, जो बेटी के साथ छाया बनकर रहते हैं।

# कई रूप तुम्हारे बाबुल प्यारे



बेटी के लिए उसके पिता अर्थात बाबुल के कई रूप होते हैं। देखा जाए तो किसी भी बेटी के लिए उसका बाबुल उस वटवृक्ष की तरह है, जिसकी शीतल छांव न केवल अपनी बिटिया को दुनियाभर के संघर्षों, विपत्तियों की तपती धूप से बचाती है, उसे निश्चिंत और निर्भीक होकर जीने का साहस भी देती है। देखा जाता है कि ज्यादातर बेटियां अपने पिता के ज्यादा नजदीक होती हैं। ऐसे में पिता अकसर बेटियों की परवरिश को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं, उन्हें खुशहाल जिंदगी देने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह हर



पिता का सपना होता है, बेटियां मजबूत और आत्मनिर्भर बनें। इस सपने को पूरा करने के लिए या अपने सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए पिता नए-नए रूपों में दिखाई देते हैं।

## करते हैं मोटिवेट

यह सही है कि अधिकांश पिता इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ कम ही समय बिता पाते हैं। इससे उनके और बच्चों के बीच एक दूरी बन जाती है, लेकिन इधर कुछ वर्षों में उन्होंने इस बात को महसूस किया है, ये दूरियां मिटाई हैं। आज के पिता अपने बच्चों, विशेषकर अपनी बेटियों, से कनेक्ट रहने की पूरी कोशिश में रहते हैं। वे बेटियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर उन्हें बेहतर तरीके से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। वे बेटियों को यह शिक्षा भी देते हैं कि आज के प्रतियोगी दौर में जीवन में कैसे चला जाए कि सफलताएं मिलें। इससे बेटियां मोटिवेट होती हैं, सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूती हैं।

## बनते हैं सुरक्षा कवच



जिस तरह सीप का सख्त आवरण अपने अंदर मौजूद मोती की सुरक्षा करता है, उसी तरह पिता भी अपनी बेटी के लिए सुरक्षा कवच बनते हैं। आज के पिता अपनी बेटियों को ना केवल इस कुटिल जमाने का सामना करने के लिए उसके इर्द-गिर्द अदृश्य रूप में मौजूद रहते हैं, बल्कि वे उन्हें इस लायक भी बनाते हैं कि वे खुद होशियारी और बहादुरी से हर विकट स्थिति का सामना करें। बेटियां शारीरिक रूप से मजबूत भी रहें, इसके लिए आज के पिता सचेत रहते हैं। वे अपनी बेटियों को बचपन से ही स्पोर्ट और फिटनेस के प्रति रुचि जगाते हैं। वे बेटियों को उनके पसंदीदा खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें हर रोज व्यायाम और सुरक्षात्मक खेल, जैसे- जुडो-कराटे सिखाते हैं। यह आज के पिता के बदले रूप का ही परिणाम है, जो हमारी बेटियां खेल के विश्व मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## रखते हैं पूरा ध्यान



वह पिता ही होते हैं, जो अपनी बेटियों का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। नए दौर के पिता न केवल बेटियों की देखभाल करते हैं बल्कि उन्हें खुद की देखभाल करना भी सिखाते हैं, जिससे उनकी दुलारी बेटी को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। आज जब अधिकांश बेटियों को घर और शहर से बाहर जॉब करने जाना पड़ता है, तब उन्हें अपने पिता की यह सीख बहुत काम आती है, वे अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम रहती हैं।

## बेटियों के आधार स्तंभ

समय के साथ-साथ समाज में पिता की भूमिका और उनका स्वरूप भी बहुत बदला है। पहले अधिकांश पिता अपनी बेटियों पर कम ही विश्वास करते थे। लेकिन इस नए दौर में बेटी और पिता के बीच विश्वास गहरा हुआ है। अब पिता अपनी बेटियों की कॉलेज या वर्क प्लेस की गतिविधियों पर रोक-टोक नहीं लगाते, एक भरोसा रखते हैं। इससे बेटियों के व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होता है। वे उस मुकाम पर आती हैं, जो उन्हें एक पहचान देता है, सशक्त बनाता है। पिता को यकीन है कि उनकी लाडली ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे उनके परिवार की साख गिरे। पिता के इस भरोसे से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी क्षमताएं बढ़ती हैं। इस तरह आज के पिता बेटी के करियर निर्माण का आधार स्तंभ बन रहे हैं। बेटियां भी कामयाबी की नई उड़ानें भर रही हैं।

## वे हैं बेटियों के स्वप्न-द्रष्टा

हर पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी समाज-देश में अपना नाम रोशन करे। यह तभी संभव है, जब बेटी बड़ा सपना देखे और उसे पूरा करने का प्रयास करे। इस नए दौर में पिताओं ने यह गुर जान लिया है कि उनकी बेटी कैसे बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने की राह पर आए। वे बेटियों की राह में बाधक नहीं बनते हैं बल्कि सही मायने में उनके स्वप्न-द्रष्टा हैं, जो अपनी बेटी को बचपन से ही बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन सपनों को पूरा करने में हर मदद को तैयार रहते हैं। इससे बेटियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपनी योग्यता का अहसास होता है और वो खुद को किसी से कम नहीं आंकती हैं। इससे उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है, वे मुकाबला करते हुए ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए अपने आपको सक्षम पाती हैं।

## बनते हैं मार्गदर्शक

आज के पिता बेटियों के अच्छे मार्गदर्शक भी हैं। पिता वह पहला शख्स होता है, जो अपनी बेटी के साथ संवाद स्थापित कर उसके भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक बनता है। आज पिता के उस रूप के दर्शन होने लगे हैं, जो अपनी बेटियों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपता बल्कि उन्हें उनकी इच्छा और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के निर्णय लेने के लिए जरूरी कौशल भी सिखाता है। आज का पिता जानता है कि बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना जरूरी है। वह परिवार का मुखिया होने के बावजूद निर्णयकर्ता की भूमिका नहीं निभाता, वह बेटियों के निर्णयों को नजरअंदाज करने की गलती न करते हुए उसके छोटे-छोटे फैसलों को सराहते हुए एक अच्छे, सच्चे मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।

---

नया दौर / रेखा शाह आरबी

# अमूल्य है पिता का प्यार



जमाना बदला तो नए दौर के पिताओं ने भी अपनी कठोर छवि तोड़ी। कभी परिवार में छुप-छुप करके अपने बच्चों से प्यार करने वाले पिता अब बच्चों के प्रति अपने प्रेम को छुपाते नहीं हैं, खुलकर प्रकट करते हैं। आज के पिता अपने बच्चे के फ्रेंड हैं। उनके साथ अब खुशी-खुशी पार्टी करते हैं, वीकेंड मनाते हैं। वे अपने बच्चों से सभी प्रॉब्लम्स पर बात करते हैं, उनको सॉल्यूशन सुझाते हैं।

**पालन-पोषण में निभाते हैं अपनी भागीदारी:** आज के पिता बच्चों के पालन-पोषण में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। बच्चे के जन्म से पहले और जन्म के बाद भी उतना ही स्ट्रेस उठाते हैं, जितना मां उठाती है। वे बच्चों की नैपी बदलने से लेकर उसकी दूध की बॉटल तक तैयार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रात-रात भर जगते हैं। इस तरह नए जमाने के पिताओं ने बच्चों के पालन-पोषण में अपनी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। वे इसे खुशी-खुशी निभा रहे हैं।

**पिता का महत्व:** हम दुनिया में चाहे जितना भी नाम कमा लें, लेकिन हमारी पहली पहचान हमारे पिता के नाम से ही होती है। बच्चों के लिए पिता ईश्वर की एक बेशकीमती सौगात हैं। जब कोई किसी से प्रेम करता है तो उसमें उसका कुछ ना कुछ स्वार्थ छिपा होता है, लेकिन पिता अपने बच्चों से निःस्वार्थ प्रेम करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए एक वटवृक्ष की तरह होते हैं। पिता दुनिया जहान की सारी धूप, बारिश, आंधी, तूफान अपने ऊपर झेल जाते हैं, अपने बच्चों तक कभी कोई भी मुसीबत नहीं आने देते। एक पिता का होना, बच्चों को बहुत सारी मुश्किलों से बचा लेना है।

**त्याग की मूर्ति:** मां के लिए यह खूब कहा जाता है कि वे त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। वह अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। पिता भी अपने बच्चे के लिए कम त्याग नहीं करते हैं। वे खुद जीवन भर तकलीफ उठाते हुए अपने बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं। एकमात्र पिता ही इस दुनिया का वह इंसान है, जो अपने बच्चों के सपनों के लिए अपने सपनों को मार देता है। अपनी संतान के लिए वह अपनी हार भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लेता है। वह सदा अपनी संतान का भला करता रहता है।

**पिता में भी होती है ममता:** अपनी संतान के प्रति ममता सिर्फ मां में ही नहीं होती, पिता में भी होती है। मां के अंदर यदि अपने बच्चों के लिए प्रेम का सागर बहता है तो पिता के अंदर भी अपने बच्चों के लिए एक मीठा सोता होता है। बच्चों के लिए पिता का प्यार अथाह होता है। वे अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चे के चेहरे की मुस्कान देखकर खिल उठते हैं। उन्हें लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मिल गई है। निश्चित ही पिता का प्यार अमूल्य होता है।

---

हेल्थ केयर

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बढ़ती उम्र में भी आपके पापा हेल्दी रहें, उन्हें कोई हेल्थ प्रॉब्लम ना हो, इसके लिए आपको ही ध्यान रखना होगा। इसके लिए आप उनके यहां बताए जा रहे टेस्ट जरूर करवाएं।

# पापा की सेहत का ऐसे रखें खयाल



बढ़ती उम्र के साथ हर किसी को सेहत संबंधी कई समस्याएं परेशान करने लगती हैं। मां की तरह ही परिवार का ध्यान रखने वाले पिता भी आमतौर पर अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में आपका यह फर्ज बनता है कि आप बढ़ती उम्र में पापा की सेहत संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, कराएं।

**ब्लड शुगर टेस्ट:** आजकल डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए अगर आपके पापा में कोई लक्षण नजर न आएं तो भी उनके ब्लड शुगर लेबल की जांच फास्टिंग पीपी और HbA1c की जांच जरूर करवानी चाहिए। अगर खाली पेट ग्लूकोज का लेवल 125 से अधिक आता है तो यह डायबिटीज का संकेत है। ऐसा होने पर पापा के खान-पान में परहेज के साथ डॉक्टर के दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

**ब्लड काउंट:** बढ़ती उम्र में पापाजी के ब्लड काउंट टेस्ट को करवाना भी जरूरी है। इस जांच में रेड और व्हाइट ब्लड सेल्स के साथ प्लेटलेट्स की संख्या का भी पता लगाया जाता है। इससे यह भी मालूम चलता है कि ब्लड में कोई इंफेक्शन तो नहीं है।

**ब्लड प्रेशर:** 50-55 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका भी रहती है, इसलिए नियमित रूप से पापा का बीपी टेस्ट कराना भी जरूरी है। आमतौर पर 80/120 को सामान्य ब्लडप्रेशर माना जाता है। जांच में ब्लड प्रेशर इससे अधिक हो तो पापा की डाइट में नमक का सेवन सीमित मात्रा में करवाएं।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** खान-पान संबंधी अनियमितता और लापरवाही के कारण ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, इसलिए अपने पापा का यह चेकअप भी जरूर करवाएं क्योंकि इसकी वजह से ही हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक हो तो डॉक्टर की सलाह पर पापा को दवाओं का सेवन शुरू करवा दें। साथ ही उनकी डाइट में घी, तेल, मक्खन, मैदा कम से कम दें।

**डेंटल चेकअप:** जो लोग सिगरेट पीते हैं या पान, मसाले का सेवन करते हैं, उनमें माउथ अल्सर या ओरल कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके अलावा ओल्ड एज में दांत कमजोर भी होने लगते हैं। इसलिए दांतों का रेग्युलर चेकअप भी करवाती रहें।

**आई चेकअप:** उम्र बढ़ने के साथ नजर कमजोर होने लगती है। इसलिए पापा के आंखों की जांच भी बहुत जरूरी है। आंखों की जांच से कैटरेक्ट और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों का भी समय रहते पता लग जाएगा। कई बार डायबिटीज की वजह से भी आंखों की दृष्टि प्रभावित होती है, आई चेकअप से इसे भी नियंत्रित किया जा सकता है।

**पीएसए टेस्ट:** इसे प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट कहा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों के प्रोस्टेट ग्लैंड का आकार बढ़ने की वजह से शरीर के इस हिस्से में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसका पता लगाने के लिए साल में एक बार पापा का पीएसए टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

अगर आप रेग्युलरली अपने पापा के यहां बताए गए टेस्ट करवाती हैं तो वे कई गंभीर बीमारियों से बचे रहेंगे।

प्रस्तुति:विनीता

---

सलाह / सरस्वती रमेश

वृद्धावस्था में शारीरिक-मानसिक कमजोरी आने ही लगती है। ऐसे में जीवनसाथी भी बिछड़ जाए तो सफर और कठिन हो जाता है। अगर आपके पिता को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो आपको उन्हें भावनात्मक संबल देना चाहिए।

# जब अकेले रह जाएं पिता उन्हें दें भावनात्मक संबल



जब तक बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, स्वावलंबी नहीं बन जाते, पिता उनको अपनी छत्रछाया में रखते हैं। वे अपने जीवन का सबसे कीमती समय, बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी जिम्मेदारियों का बोझ अपने कंधों पर उठाने में बिता देते हैं। अपने बच्चों को किसी मुसीबत के समय अकेले नहीं छोड़ते, हर स्थिति में उनका साथ निभाते हैं, उनका संबल बनते हैं। लेकिन कई बार दुर्भाग्यवश ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब जीवन की सांध्य बेला में पिता को एकाकी जीने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसा अकसर तब होता है, जब उनके जीवन यात्रा में साथ चलने वाली उनकी हमसफर उनका साथ छोड़ जाती हैं। बच्चे अपनी-अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं। बेटियां ब्याह कर अपने जीवनसाथी के घर चली जाती हैं। तब एक खालीपन पिता को चारों ओर से घेर लेता है। आजीविका कमाने के लिए जीवन भर व्यस्त रहने वाले पिता अचानक से इतने खाली हो जाते हैं कि एकाकीपन और अवसाद की भावना से भर उठते हैं। तब जीवन जीने के लिए उन्हें कोई सहारा नहीं दिखता। खालीपन के अंधेरे में कोई रोशनी उन्हें नजर नहीं आती। वे अलग-थलग अकेले रह जाते हैं। खुद को लाचार ही नहीं निरर्थक समझने लगते हैं।

## निभाएं संतान का दायित्व

अगर आपके पिता भी अकेलेपन की कुछ इसी तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं, आप उनकी अकेली संतान हैं या आपके भाई-भाभी अपनी नौकरी की वजह से पिता के साथ नहीं रह पा रहे हैं तो आपको उनकी देख-भाल के लिए आगे कदम बढ़ाना होगा। ऐसे में ना केवल पिता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, उनको भावनात्मक सहारा भी दें। जिस तरह बचपन में आपके निराश होने पर पिता आपको हौसला देते थे, कभी उदास या मायूस नहीं होने देते थे, अब उनको ऐसा अहसास दिलाने की बारी आपकी है। यकीन मानिए, अकेलेपन का सामना कर रहे पापा जब अपनी परी का स्नेह भरा संबल पाएंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके भीतर से एकाकीपन के बादल छंट जाएंगे। नई उमंग के साथ वे जीना सीख जाएंगे।

## समझें उनकी भावनाएं

यह सच है कि बुढ़ापे में कुछ ना कमाने या कर पाने का बोध, पिता को अपनी नजरों में खुद की कीमत कम कर देता है। ऐसे में अगर आप उनकी भावनाओं को नहीं समझेंगी तो उनकी मदद पूरी तरह नहीं कर पाएंगी। यह मान लेना कि अब पापा घूमना-फिरना नहीं चाहते होंगे, बस आस-पास के पार्क तक टहलना ही उनके लिए काफी है, दो वक्त के खाने और दवा के अलावा उनकी कोई जरूरत नहीं, ऐसी सोच गलत है। सिर्फ टाइम से खाना और दवा देना ही उनकी केयर में शामिल नहीं होता, जब संभव हो उनके साथ कुछ वक्त बिताकर, उनसे बातें कर, उनकी भावनाओं को समझकर, उनकी इच्छाओं को पूरा कर आप उन्हें भरपूर खुशी दे सकती हैं।

## पापा को दें हर संभव खुशी

जीवन के सफर में अकेले पड़ गए पिता खुशी-खुशी अपने जीवन की सांझ गुजारें, इसके लिए उनमें जीने का उल्लास आपको ही भरना चाहिए। इसके लिए आप अपनी खुशियों में उन्हें शामिल करना कभी ना भूलें। घर-बाहर से जुड़े हर छोटे-बड़े मामलों में उनसे उनकी राय जरूर जानें। खाने-पीने में उनकी पसंद पूछें। उनके जन्मदिन पर याद से उनकी पसंद का कोई तोहफा जरूर भेंट करें। बाहर घूमने जाएं तो पिता की सुविधा के स्थान का चुनाव करें। उनकी रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों का ख्याल रखें। उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। उनकी उपेक्षा न करें। घर के हल्के-फुल्के काम सुविधानुसार पापा से करवा सकती हैं, जिससे वे खुद को उपेक्षित न महसूस करें। इससे उनका समय भी अच्छा बीतेगा और घर चलाने में सहयोग करने की भावना भी उनमें आएगी। उनको अहसास दिलाएं कि वे परिवार का सबसे अहम हिस्सा हैं। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

---

अभिव्यक्ति

# मेरा हौसला मेरे पापा

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कुछ जानी-मानी हस्तियां सहेली को बता रही हैं, पिता उनके लिए कितना मायने रखते हैं, वे जीवन की डगर में कैसे संबल बने, पथ-प्रदर्शक बने?

## कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा

**शुभांगी अत्रे, टीवी कलाकार**



**मेरे जीवन** को संवारने में मेरे पापा की सबसे बड़ी भूमिका रही है। बहुत से भारतीय परिवारों में बेटों की चाहत और उन्हें महत्व देने की सोच देखी जाती है। पढ़ाई से लेकर उनके शौक पूरा करने और तमाम अन्य मामलों में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन हम तीन बहनें हैं, पापा ने कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा, हमें मजबूत बनाया। आज भी जब मैं किसी मुश्किल में फंसती हूं, लगता है कि क्या करूं, तो पापा यही कहते हैं कि तुम सब कुछ कर सकती हो। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। लेकिन जब जरूरत होती है, वह मेरी मुश्किलों के सामने मजबूत ढाल की तरह खड़े भी रहते हैं। वे समय-समय पर हमारे मार्गदर्शक बनकर दिशा-निर्देश देते रहते हैं। पापा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मेरे पापा मेरे सुपर हीरो हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर करियर बनाने तक उन्होंने सब कुछ प्यार से संभाला है। मेरी हर छोटी-बड़ी सफलता का श्रेय पापा को जाता है।

## मेरी हर सफलता में उनका योगदान है

**हिमा दास, एथलीट**



**पापा मेरे** मेरे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मुझे हमेशा सिखाया कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। हर सपना पूरा किया जा सकता है। वे मेरे पहले हीरो भी हैं और हमेशा रहेंगे। उनके बिना करियर के इस मुकाम पर पहुंचना मुमकिन नहीं था। पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया, प्रोत्साहित किया। मेरे जीवन की हर सफलता में उनका योगदान है। फादर्स-डे के इस अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। उन्होंने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, वह बहुमूल्य है। इस कर्ज को उतारा नहीं जा सकता। मैं उनके प्रति जीवन भर ऋणी रहूंगी।

## हर परिस्थिति, हर मुश्किल में वह मेरे साथ होते हैं

**मैथिली ठाकुर, शास्त्रीय गायिका**



**मैं आज** तक जो कर पाई हूं, वह अपने पिताजी की वजह से कर पाई हूं। लोग मेरे गाने की प्रशंसा करते हैं, लेकिन असल में यह सब कुछ पापा की वजह से है, यह सब उनका है। मैं सिर्फ एक जरिया भर हूं, जो लोगों के सामने गाती हूं, लोग मुझे सुनते हैं। अपने जीवन में मैं कई बार लड़खड़ाई हूं। कई ऐसे मौके आए हैं, जब मेरे पिता ने मुझे संभाला है। याद आते हैं वे दिन, जब मैं रियलिटी शोज से बाहर हो जाती थी, तो बहुत निराशा होती। लेकिन हताशा के समय पापा ने मुझे संभाला, मेरा हौसला बनाए रखा। मुझे शास्त्रीय संगीत के और ज्यादा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई समस्या हो, वे मेरे साथ खड़े होते हैं। पापा के लिए थैंक्यू शब्द बहुत छोटा है। फादर्स-डे पर उनसे यही कहना चाहूंगी कि मेरी पूरा कोशिश रहेगी कि आपने मेरे लिए जो सपने देखे हैं, वो पूरे हों।

प्रस्तुति: अंशु सिंह

खबर संक्षेप

## वसूली के लिए कॉल करने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके से हिमांशु भाऊ और नवीन बाली गिरोह से जुड़े एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान साहिल जैन (24) के रूप में हुई है। वह हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती, झपटमारी और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज 19 मामलों में शामिल है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अमित कौशिक ने कहा कि हमने देखा कि राष्ट्रीय राजधानी में व्यापारियों को जबरन वसूली के लिए कॉल की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। ज़्यादातर कॉल गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के नाम से की गई। हमने यह भी देखा कि आरोपी पैसे देने से मना करने वालों के घरों के बाहर गोलीबारी करते थे। उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने साहिल जैन की पहचान की, जो जबरन वसूली के पीड़ितों और गैंगस्टर नवीन बाली व हिमांशु भाऊ के बीच मध्यस्थता का काम करता था। पुलिस निरीक्षक मान सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने उत्तम नगर इलाके से जैन को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस और एक स्कूटर जब्त की गई है।

## कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा कि इस बीच, मौजूदा अपीलार्थी (पिल्लई) की स्वास्थ्य स्थिति और उसे प्रदान किए जा रहे उपचार के संबंध में नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

## एमसीडी ने पेपरलेस वेतन प्रणाली को किया लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासनिक सुधारों की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। कार्य कुशलता, पारदर्शिता और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए चल रहे प्रयासों के तहत, एमसीडी कुछ संशोधनों के साथ मौजूदा वेतन मॉड्यूल का उपयोग करके पूरी तरह से पेपरलेस वेतन प्रणाली (पीए-एसए) लागू कर रहा है। अब तक वेतन बिल ऑनलाइन तैयार किए जा रहे थे, हालांकि इसके साथ ही आवश्यक संबंधित काग़ज़ों का भी इस्तेमाल किया जाता था। अब इस प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, कागज के उपयोग को कम करना है।

# 12 लोगों की जान लेने वाली फैक्टरी के मालिक को जांच में किया शामिल

## राई स्थित सांवरिया एक्सपोर्ट में आगजनी का मामला, मालिक पर था लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसआईआईडीसी, राई स्थित रबड़ बेल्ट फैक्टरी में लगी आग में लापरवाही के आरोपित फैक्टरी मालिक को राई थाना पुलिस ने जांच में शामिल कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपित को छोड़ दिया गया। हादसे में दो फैक्टरी मालिकों समेत 12 लोगों की जान जा चुकी है। उधर, एसडीएम सोनीपत की टीम जांच कर रही है। राई औद्योगिक क्षेत्र में 28 मई को सांवरिया एक्सपोर्ट कंपनी में आग लग गई थी। इसमें फैन बेल्ट बनाने का काम होता था।

### एसडीएम की टीम कर रही जांच

*मामले की जांच एसडीएम अमित कुमार की टीम कर रही है। बताया जा रहा है कि जल्द ही रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी जाएगी। फैक्टरी महज 312 मीटर में चल रही थी। साथ ही उसे पूरी तरह कवर किया गया था। जिसमें टीम ने कई तथ्यों की जांच की है।*

फैक्टरी कर्मी व अन्य अधिकारी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे कि अन्य फैक्टरी मालिक व श्रमिक भी मदद को मौके पर पहुंच गए थे। इसी दौरान अचानक हुए ब्लास्ट में कई लोग झुलस गए थे। जिसमें बचाव कार्य में मदद को पहुंचे राई औद्योगिक क्षेत्र के फैक्टरी संचालक दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी राहुल जैन व राई इंडसट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (रीमा) के प्रधान राकेश देवगन की मौत हो गई थी। उनके साथ ही श्रमिक उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव चठिया छिज्जू के ओमेंद्र (50), यूपी के जिला आजमगढ़ निवासी रामचंद्र, श्रमिक यूपी के जिला अमेठी के गांव दही पुरवा निवासी दिनेश, मूलरूप से यूपी के जिला अमेठी के गांव केवलापुर फिलहाल राई क्षेत्र निवासी वीरेंद्र की मौत हो गई थी। ओमेंद्र के बेटे सुमित के बयान पर पुलिस ने फैक्टरी मालिक दुलीचंद के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर लिया था। हादसे में बाद में नाइट पेट्रोलिंग टीम के सदस्य गांव बादशाहपुर माच्छरी निवासी पवन (33), बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव बदर दोहा निवासी जितेंद्र, जिला एटा के गांव रखेह निवासी अमित, बिहार के जिला छपरा के गांव सारण निवासी उमेश और शाम को उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी के गांव राजेपुर निवासी सुनील, उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के राजेश की मौत हो गई थी।

### फैक्टरी मालिक से की पूछताछ

*फैक्टरी में लगी आग में 12 लोगों की जान जा चुकी है। मामले में पुलिस टीम ने फैक्टरी मालिक को जांच में शामिल कर लिया है। उससे पूछताछ की गई है।* **इंस्पेक्टर उमेश कुमार, थाना प्रभारी, राई**

अब राई थाना पुलिस ने मामले में आरोपित फैक्टरी मालिक दुलीचंद का जांच में शामिल कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के बयान दर्ज कर लिए है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### देश की सबसे बड़ी परीक्षा एजेंसी एनटीए सवालों के घेरे में

# नीट की परीक्षा दोबारा करवाने की मांग सड़क पर उतरकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

■ राई के विधायक मोहनलाल बड़ौली को सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नीट के नतीजे घोषित होने के बाद मंगलवार को सोनीपत में भी बड़ी संख्या में एमबीबीएस की कोचिंग लेने वाले विद्यार्थी तपती धूप में सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। विद्यार्थी प्रदर्शन करते हुए सेक्टर-15 स्थित राई विधायक मोहन लाल बड़ौली के आवास पर पहुंचे और मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा।

जिसमें नीट की परीक्षा दोबारा करवाने की मांग की। देश की सबसे बड़ी परीक्षा एजेंसी एनटीए सवालों के घेरे में है। नीट का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उसमें नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एक ही केंद्र से अनेकों टॉपर आना, नॉर्मलाइजेशन का पूरा डेटा उपलब्ध नहीं करवाना, बिहार व गुजरात से पेपर लीक होने की बात सामने आने के कारण चिकित्सक बनने के सपने देखने वाले हजारों विद्यार्थियों ने एजेंसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एनटीए पर नीट की परीक्षा में धांधली के साथ पेपर लीक करवाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। बुधवार को सोनीपत में छात्र-छात्राओं ने तपती धूप में सड़कों पर उतर कर दोबारा से पेपर करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और राई विधायक मोहनलाल बड़ौली के आवास पर पहुंचकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक ने आश्वासन दिया है कि ज्ञापन को केंद्रीय शिक्षा मंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को भेजेंगे। जिसके बाद ही आपकी मांगो पर कुछ निर्णय लिया जाएगा।



**सोनीपत।** सेक्टर-15 में राई विधायक मोहन लाल बड़ौली को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी।

### पेपर लीक करवाने के लगाए आरोप

शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि परीक्षा में धांधली करते हुए गुजरात और बिहार के परीक्षा माफियाओं ने 20 से 25 लाख में पेपर लीक करवाए गए हैं। जहां पेपर देरी से शुरू हुए वहां विद्यार्थियों को ज्यादा नंबर दिए गए हैं। हमारी मांग है कि पेपर रद्द करते हुए नीट की परीक्षा दोबारा करवाई जाए।

# इरफान उर्फ छेनू गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

'इरफान उर्फ छेनू गैंग' के दो सदस्यों को कई आपराधिक मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस में मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राकेश पावरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान हाजी इमरान (41) और अब्दुल रहमान (38) के रुप में हुई है।

पावरिया ने बताया कि पुलिस अधिकारी के अनुसार, दोनों आरोपी एक कार में यात्रा कर रहे थे। पुलिस की इसकी सूचना पहले से थी। पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने उन्हें रोका तो वे कार से उतरकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनके पास से तीन कारतूसों से भरी एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और एक कारतूस सहित एक देशी पिस्तौल जब्त की गई। एक अन्य अधिकारी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान इमरान ने खुलासा किया है कि वह 2010 में आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया और छेनू गैंग का नेतृत्व करने वाले इरफान से जुड़ गया। 'छेनू गैंग' पूर्वी दिल्ली में जबरन वसूली, डकैती और चोरी के कई मामलों में शामिल रहा है। इरफान तिहाड़ जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार, इमरान और इरफान 2011 में पूर्वी दिल्ली में डकैती केएक मामले में शामिल थे। उन्होंने साल 2017 में जाफराबाद और भजनपुरा इलाके में एक गैंगवार के दौरान कथित तौर पर दो हत्याएं भी की थीं। हत्याओं के मामले में इमरान करीब साढ़े तीन साल तक न्यायिक हिरासत में रहा।



## रानीबागः हात्या का आरोपी जीजा पंजाब से गिरफ्तार

नई दिल्ली। रानीबाग इलाके में पत्नी के सामने ही साले का कत्ल करने वाले आरोपी को बाहरी जिले की पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम प्रकाश पनेरु (24) बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू और उसके खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। डीसीपी जिम्मी चिरम के अनुसार 8 जून को सैनिक विहार एरिया में अर्जुन (25) नामक युवक पर चाकू से हमले की सूचना मिली थी।

# निगम के हाउस टैक्स विभाग में लगी आग, फाइलें जलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के सिटी एसपी जोन कार्यालय के हाउस टैक्स विभाग में सुबह मंगलवार को आग लगने से फाइल, कंप्यूटर जलने की सूचना है। आग की इस घटना को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने भी पुष्टि की है लेकिन आग लगने के क्या कारण रहें, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। वहीं, सूत्रों की मानें तो बताया जा रहा है कि इस हाउस टैक्स विभाग की कुछ फाइलों को मुख्यालय द्वारा बार बार मांगा जा रहा था, जो कि किसी औद्योगिक क्षेत्र की इकाईयों की बताई जा रही है और इन इकाइयों पर भारी भरकम टैक्स बनता था। निगम मुख्यालय ने कई बार इन फाइलों की मांग की थी लेकिन फाइल नहीं दी जा रही थी। बताया जाता है कि मंगलवार को सुबह 6 बजे के आसपास आग लगी और इसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी जिसके चलते दिन भर कार्य भी नहीं हो सका। सूत्रों का कहना है कि यदि उस समय कोई आया है तो हो सकता है कि आग उसी ने लगाई हो। बताया जाता है कि मेज पर रखीं कुछ फाइलें, कंप्यूटर जल गए हैं। आग बुझाने के लिए मौके पर अग्निशमन की एक गाड़ी पहुंची थी।




## डाबड़ी में तेल के टैंकर से उठी आग की लपटें

**नई दिल्ली।** डाबड़ी इलाके के राजापुरी में पेट्रोल पंप पर तेल के टैंकर से आग की लपटें उठने से मंगलवार को हड़कंप मच गया। आनन फानन में पंप के स्टाफ ने आग बुझाने वाले सिलेंडर का इस्तेमाल कर आग पर काबू पा लिया तब कहीं जाकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

### पेट्रोल पंप स्टाफ ने समय रहते पाया आग पर काबू

पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब पौने दो बजे इस घटना की सूचना मिली थी। टैंकर के ऊपरी हिस्से में आग की कुछ लपटें निकलते देख पंप कर्मचारियों ने समय रहते उसे बुझा दिया। घटना में किसी नुकसान की सूचना नहीं है। इस बीच सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल की गाड़ी भी पहुंची थी। पेट्रोल पंप के स्टाफ ने पुलिस को बताया कि दोपहर को एक टैंकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा था। टैंकर के ऊपर सेंसर वायर लगी होती हैं। टैंकर के ऊपर लगे लॉक सेंसर के जरिए पेट्रोल पंप पर पहुंचने के बाद ही खुलते हैं। उन्हीं तारों से अचानक धुआं उठा और आग की हल्की लपटें निकलने लगी।

# बड़ी रोड पर पनप रही अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला नगर योजनाकार की टीम ने मंगलवार को बड़ी रोड स्थित सुरक्षा एनक्लेव के साथ लगती पनप रही अवैध कालोनियों में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया। इस दौरान टीम ने पीला पंजा चलकर अवैध निर्माण को ढहा दिया। उपायुक्त मनोज कुमार के आदेश पर जेई सुमित व अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने 2 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में बनाई गई डीपीसी को ध्वस्त करवा दिया। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें और अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट न खरीदें।



**गन्नौर।** अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी।

### सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री ने आईटीओ बैराज का किया निरीक्षण

# दिल्ली में इस बार नहीं आएगी बाढ़, तैयारियां पूरी : भारद्वाज

■ आईटीओ स्थित बैराज के सभी गेटों को खोल दिया गया है ताकि पानी के प्रवाह में किसी प्रकार की न हो रुकावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पिछले वर्ष की तरह भी पानी आया तो भी यमुना में बाढ़ नहीं आएगी। इसके लिए लिए दिल्ली सरकार ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह बात मंगलवार को दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आईटीओ स्थित यमुना बैराज के निरीक्षण के दौरान कही।

गौरतलब है कि आने वाले मानसून के मद्देनजर दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को आईटीओ स्थित यमुना के बैराज की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। भारद्वाज ने विभाग के अधिकारियों संग आईटीओ बैराज की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बैराज पर चल रहे काम की संपूर्ण जानकारी मंत्री के समक्ष रखी। बीते वर्ष मानसून के समय इसी बैराज के कारण यमुना में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके कारण यमुना के आसपास के क्षेत्र में जलभराव हो गया था और लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बीते वर्ष को ध्यान में रखते हुए मानसून के आने से पहले ही इस बार परिस्थितियों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बैराज का दौरा करते हुए मंत्री सौरभ बताया कि पिछले साल जिस मात्रा में वर्षा हुई और हरियाणा की ओर से जितना पानी यमुना में छोड़ा गया, बीते कई दशकों में इतना पानी कभी यमुना में नहीं आया था और यही कारण था, कि बीते वर्ष यमुना में बाढ़ की स्थिति बन गई थी। यह बैराज हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इस बैराज के संचालन की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है, परंतु बीते वर्ष को ध्यान में रखते हुए ही इस बार दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने समस्या से निपटने के लिए हरियाणा सरकार के साथ तालमेल करके सारी तैयारियां की है।



### टूटे रेगुलेटर को बनवाया नया : सौरभ

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया कि पिछली बार यमुना में बाढ़ के कारण कुछ जगहों पर रेगुलेटर टूटने की भी घटनाएं हुई थी। इस बार परिस्थितियों से निपटने के लिए सारे रेगुलेटरों की अच्छी तरीके से मरम्मत कर दी गई है। जो रेगुलेटर टूटा था, उसे नया बनवाया गया है और साथ ही साथ बाकी सभी रेगुलेटरों कि पर्याप्त जांच कर ली गई है, उनकी पर्याप्त सर्विसिंग कर दी गई है, ताकि इस बार यमुना में पानी आने की स्थिति में किसी प्रकार की समस्या या दुर्घटना ना हो। उन्होंने कहा कि हमने उन सभी रेगुलेटर की एक बार टेस्टिंग भी की है और मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार बीते वर्ष की भांति ऐसी कोई भी खबर हमें सुनने को नहीं मिलेगी।

**आक्रोश** थाना बड़ी के प्रभारी से मिले मृतक के परिजन और ग्रामीण

# कौशल रोजगार कर्मी की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने की दोषियों कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### खास बातें

- मृतक के परिजनों का आरोप, वरिष्ठ कर्मचारियों ने बिना परमिट चलती लाइन में बिजली ठीक कराने के लिए पोल पर चढ़ाया इसलिए हुई मौत
- बिजली निगम में कार्यरत था मृतक कर्मचारी कृष्ण
- थाना प्रभारी ने दिया दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गत दिनों बिजली निगम में कार्यरत कौशल कर्मचारी की बिजली का करंट लगने से हुई मौत से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को मृतक के परिजनों व सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना बड़ी पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि उसके सीनियर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उसको जबरदस्ती बिना परमिट लिए बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ाया था जिसके चलते करंट लगने से उसकी मौत हो गई। गौरतलब की गत दिनों राजलू गढी गांव के पास बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा कर्मचारी करंट लगने से गंभीर रूप से घायल कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं मृतक कृष्ण के परिजनों ने बिजली विभाग के अन्य अधिकारियों पर चलती लाइन में बिजली ठीक करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव समालखा निवासी मृतक कृष्ण के भतीजे संदीप ने बताया कि मेरा चाचा कृष्ण उम्र 52 साल करीब 15 साल से बिजली विभाग मे काम कर रहे थे। बिजली विभाग के जेई, फोरमैन व अन्य कर्मचारियों ने चलती लाईन पर काम करवा कर बिना परमिट लिए लापरवाही का परिचय दिया था। शिकायत में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस अवसर पर सन्दीप राठी, बिंदा कुहाड़, जोगेंद्र, रविन्द्र, महेंद्र व भीम राठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### सबुत जुटाए जा रहे हैं, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी : थाना प्रभारी

बड़ी औद्योगिक थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि मृतक बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारी के परिजन व कुछ ग्रामीण उनके पास आए थे और दोषी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आज मृतक के परिजनों के सामने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को भी बुलाकर उनसे जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि सबूत जुटाए जा रहे है दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी जर्मनी रवाना

**सोनीपत।** कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का एक दल सोमवार सुबह दो सप्ताह के लिए जर्मनी के लिए रवाना हुआ। इस दल में अन्य कुछ स्कूलों के विद्यार्थी व शिक्षक भी शामिल हैं। श्रीजी स्कूल द्वारा पिछले कई वर्षों से जर्मनी व अन्य देशों के साथ लगातार ऐसे प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। अगले दो सप्ताह तक ये सभी जर्मनी में उन्हीं मेजबान विद्यार्थी व शिक्षकों के साथ उनके घरों में ठहरेंगे जो पिछले वर्ष अक्तूबर में सोनीपत आये थे। इस दौरान विद्यार्थी जर्मन शिक्षा प्रणाली व सभ्यता को समझेंगे व उन्हें फ्रांस, ऑस्ट्रिया व अन्य पड़ोसी देशों का भी दौरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर अभिभावक भी बच्चों को छोड़ने दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे। राकेश कुच्छल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### सुभाष भट्टी होंगे राज्य प्रेस सचिव

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के नए राज्य प्रेस सचिव गोहाना के सुभाष भट्टी होंगे। उनकी नियुक्ति यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र धीमान द्वारा की गई। सुभाष भट्टी इस समय यूनियन की सोनीपत जिला इकाई के जिला सचिव हैं।

### मालिक की आंखों के सामने बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर कॉलोनी में चोर बाइक चुरा ले गए। कॉलोनी निवासी अंकुर काकरान ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून की रात करीब 2:50 बजे वह शोर शराबा सुनकर घर से बाहर आया तो घर की गैलरी में खड़ी उसकी बाइक को चोर ले जा रहे थे।

### आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री का निर्माण नियमानुसार नहीं किया गया

# औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में लगी आग के बाद एसडीएम ने किया निरीक्षण

- पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 247 नंबर फैक्ट्री पूरी तरह से टीन शैड से कवर मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





**गन्नौर।** अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते एसडीएम डा. निर्मल नागर तथा पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 247 नंबर फैक्ट्री टीन शैड लगाकर कवर किए हुए।

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 660, 639 व 247 नंबर फैक्ट्रियों में लगी आग के मामले में एसडीएम ने संज्ञान लिया है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि 639 नंबर आयुर्वेदिक दवा की फैक्ट्री का निर्माण नियमानुसार नहीं किया गया था। फैक्ट्री का पिछला हिस्सा पूरी तरह से कवर कर रखा है। ऐसे में आगजनी की घटना होने पर काफी नुकसान हुआ। एसडीएम ने एचएसआइआइडीसी के अधिकारियों से फैक्ट्रियों के बिल्डिंग प्लान एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए, ताकि नियमों का उल्लंघन मिलने पर फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में रविवार की रात 660 नंबर रबड़ फैक्ट्री में आग लग गई। इसके बाद आग ने पीछे लगती 639 नंबर आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री को भी चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर बड़ी दमकल केंद्र से अग्निशमन गाड़ी को मौके पर बुलाया गया, लेकिन आग ज्यादा फैलती देख सोनीपत से दो और गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। इसके बाद दोनों फैक्ट्रियों में आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका।

#### नियमों की हो रही अवहेलना

जांच में पाया गया कि 247 नंबर पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री भी आगे से पूरी तरह से टीन शैड से बंद की गई है। जब कि यह नियमों की अवहेलना है। ऐसे में अगर बड़ी आगजनी की घटना हो जाती है तो कंपनी के अन्दर कोई भी दमकल कर्मी अन्दर जाने की हिम्मत जुटा पाएगा और आग लगने का खामियाजा आसपास की कंपनी को भी भुगतना पड़ेगा। उक्त कंपनी में एसडीएम ने कंपनी के भवन का नक्शा पेश करने के आदेश दिए।

#### रिपोर्ट लेने पहुंचे कंपनी मालिक

आग लगने के बाद 247 नंबर पेपकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के मालिक मंगलवार को दमकल विभाग में पहुंचे और कंपनी के लेटर हैड पर कंपनी में आग से करीब 50 लाख रुपएं का नुकसान बताते हुए कर्मियों के मोहर व हस्ताक्षर करवाएं।



**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार सेक्टर-15 स्थित निवास स्थान पर पहुंचे शहरवासियों को स्वागत करते हुए।

## कांग्रेस ही कर सकती है प्रत्येक जन का भला : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज जन-जन का आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी ही प्रत्येक जन का भला कर सकती हैं। विधायक सोनीपत विधानसभा की विभिन्न कालोनियों से पहुंचे शहर वासियों को तथा सेक्टर -15 स्थित निवास स्थान पर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार नें कहा कि कांग्रेस सुशासन में प्रत्येक जन का कल्याण हुआ है। जिस तरह लोकसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है, क्षेत्रवासी विधानसभा चुनाव में इससे भी अधिक बढ़कर कांग्रेस पार्टी का साथ देगी। कांग्रेस सरकार बनने पर प्रत्येक जरूरतमंद को 100-100 वर्ग गज के निःशुल्क प्लॉट दिए गए थे, इसी तरह आने वाले समय में 100-100 वर्ग गज के प्लाट आवंटन करने व उन्हें बनाने का काम भी कांग्रेस सरकार करेगी। भाजपा ने जनता को झूठ बोलने व बरगलाने का काम किया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही जनता को सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। जनता से जो वादे किये हैं, कांग्रेस पार्टी ने उन्हें हमेशा पूरे किए हैं। इसलिए आज जो लोकसभा चुनाव में परिणाम आए हैं उनसे बीजेपी बौखला गई है, उन्हें भय है कि कहीं विधानसभा चुनाव में उनकी जमानत जब्त न हो जाए। लेकिन प्रदेश की जनता आज मन बना चुकी है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी सरकार को हरियाणा प्रदेश से बाहर करने का काम करेगी और भारी बहुमत से विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को विजयी करवाएंगे।

## अदालत ने सुनाई सजा, एमडीडी ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

न्याय तक पहुंच परियोजना के अनुसार बाल विवाह व बलात्कार मामले में 49 वर्षीय मुजरिम को दस साल की सजा, दिल्ली की विशेष पाक्सो अदालत ने दोषी को 10 साल का सश्रम कारावास व पीड़िता को 10.5 लाख रूपए के मुआवजे का फैसला सुनाया है।

बाल विवाह मुक्त मुक्त भारत अभियान के सहयोगी संगठन एमडीडी आफ इंडिया ने पूरे देश में इसी तरह के फैसलों की जरूरत बताई, देश में पोक्सो के 2.4 लाख मुकदमे लंबित है। एमडीडी आफ इंडिया के परियोजना निदेशक सुरेन्द्र सिंह मान व जिला संयोजक डॉ. राज सिंह सांगवान ने सयुंक्त रूप से कहा कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यौन हिंसा व यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को न्याय मिलने में अब और विलंब नहीं हो क्योंकि वे बरसों से अपने साथ अन्याय के जिम्मेदार अपराधियों को सजा का इंतजार कर रहें हैं। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए देश के 400 जिलों में जमीनी स्तर पर अभियान चला रहे जिसमें 200 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है। दिल्ली के तीस हजारी की विशेष पोक्सो अदालत ने 13 साल की एक नाबालिग बच्ची से विवाह के मामले में शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 49 वर्षीय आरोपित को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (पीसीएमए ) बलात्कार व पोक्सो की धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए दस साल के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई साथ ही अदालत ने पीड़िता को 10.5 लाख रूपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। एमडीडी आफ इंडिया के परियोजना निदेशक सुरेन्द्र सिंह मान व जिला संयोजक डॉ. राज सिंह सांगवान ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि बाल विवाह के मामले में यह ऐतिहासिक फैसला समाज में कानूनों की अवहेलना के प्रति डर का भाव सुनिश्चित करेगा। हम पूरे देश की अदालतों से अपील करते हैं कि वे बाल विवाह और बलात्कार के मामलों के निपटारे में तेजी लाएं और जघन्य अपराधों के दोषियों को सजा दें। उनकी उम्मीद है कि यह फैसला एक नजीर बनेगा।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर विकसित भारत बनने का सपना होगा साकार : नरेन्द्र धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



भाजपा नेता नरेन्द्र धीमान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से भारत का विकसति भारत बनने का सपना सकार होगा। आने वाला समय भारत का है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करके रहेगी। नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अब भारत की दुनिया में अलग पहचान बनी है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान धीमनान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है तो इस उपलब्धि पर भी पूरे देश, प्रदेश के भाजपा के सभी नेताओं, पदाधिकारियों व छोटे-बड़े कार्यकत्ताअरं में जोश की नई लहर दौड़ गई है। भाजपा नेता नरेन्द्र धीमान ने कहा कि पार्टी को पहले ही यह आशा थी कि देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनेगी और अब नरेंद्र मोदी जनता की उन्हीं आशाओं पर खरा उतर रहे है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश में भी भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। जिसको लेकर कार्यकताअरं ने अभी से जनता को सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में अवगत करना शुरू कर दिया है।

## जैन कॉलेज गनौर के प्राचार्य के रूप में डॉ. मनोज कुमार ने संभाला कार्यभार

- डा. मनोज ने बताया कि पूर्व में वे जैन गर्ल्ज कॉलेज के फाउंडर प्राध्यापक रहे
- 12 वर्षों तक पहले प्राध्यापक, उपप्राचार्य व प्राचार्य के रूप में सेवा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** शिक्षाविद डा. मनोज को कार्यभार संभलवाते संस्था के प्रधान।

शिक्षाविद डा. मनोज कुमार ने छह वर्ष के शैक्षणिक अवकाश के बाद एक बार फिर जैन गर्ल्ज पी.जी कॉलेज के प्राचार्य के रूप में कार्यभार सम्भाल लिया।

डा. मनोज ने बताया कि पूर्व में वे जैन गर्ल्ज कॉलेज के फाउंडर प्राध्यापक रहे हैं। 12 वर्षों तक पहले प्राध्यापक, उपप्राचार्य व प्राचार्य के रूप में सेवा की है। उन्होंने बताया है कि उनका जीवन लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित है। इसलिए वे इलाके की हर बेटी की कॉलेज तक की शिक्षा पूर्ण कराने की दिशा में काम करेंगे।

डा. मनोज को संस्था के प्रधान आनंद जैन ने विधिवत कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर डायरेक्टर भूषण भाटिया, शालिनी जैन व अरंजय जैन आदि मौजूद थे। संस्था के प्रधान आनंद जैन ने बताया कि डा.मनोज बहुत मेहनती व जुझारू है, इनकी कार्यशैली कॉलेज को नई दिशा देगी।

## प्रदेश की जनता सत्ता परिवर्तन की ओर बढ़ा रही कदम : आंतिल



**राई।** कांग्रेस नेता एवं खेवड़ा गांव के पूर्व सरपंच संजय आंतिल ने कहा कि प्रदेश की जनता अब प्रदेश में बदलाव के मूड में आ गई है। प्रदेश की जनता सत्ता परिवर्तन का निर्णय ले चुकी है। प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनावों में करते हुए। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है क्योकि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासन में पूरे मजदूर सहित अन्य सभी वर्ग के हित में कार्य किया था। आंतिल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कांग्रेस के राज में नए बिजली संयंत्र प्लांट के अलावा अन्य विकास कार्य किए। जिन्हे प्रदेश की जनता आज भी याद कर रही है। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में भी प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा था। आंतिल ने कहा कि यदि सच में भाजपा ने देश व प्रदेश का विकास किया होता तो आज के युवा को सड़कों पर रोजगार के लिए नहीं भटकना पड़ता। यदि देश व प्रदेश को दोबारा से खुशहाली लानी है तो कांग्रेस की सरकार लानी होगी। कांग्रेस के राज में पूरे प्रदेश में आपसी भाईचारा मजबूत था। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में दिन- प्रतिदिन कांग्रेस की लोकप्रियता बढ़ रही है।



**सोनीपत।** यात्रा रवाना होने से पूर्व इकट्ठा हुआ स्कूल स्टाफ साथ में प्रबंधक वीरेंद्र बंसल एवं अन्य।

## भगवान श्री राम हम सब के लिए आदर्श : वीरेन्द्र बंसल

- शिवा शिक्षा सदन से सभी शिक्षक तीन दिवसीय अयोध्या यात्रा पर हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन विद्यालय ने हम सब के आदर्श व प्रेरणा स्रोत रामलला के दर्शन के लिए अयोध्यानगरी की विशेष यात्रा का आयोजन किया। यात्रा के प्रारंभ से पूर्व, विद्यालय के प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की और उनकी कृपा प्राप्त करने हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने भगवान शिव को पुष्प माला अर्पित की व हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवानगी दी। ध्वजारोहण और पूजा अर्चना के बाद, श्रद्धालु उत्साहपूर्वक अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य रामलला के दर्शन कर उनके आशीर्वाद से अपने जीवन को पवित्र करना है। श्रद्धालुओं में विद्यालय से अरुण बंसल, हंसराज तनेजा, अध्यापक गण शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, जिसमें यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। अयोध्या पहुंचने पर श्रद्धालु रामलला के दर्शन करेंगे और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। विद्यालय के निर्देशक ने बताया कि इस तरह की यात्राएं न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होती हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने में भी सहायक होती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

### युवक के साथ गाली-गलौच कर की मारपीट

**गन्नौर।** बड़ी सिथत धर्मकांटे पर बैठे युवक के साथ 5-6 लड़को ने गाली-गलौच कर उसके साथ मारपीट की है। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे गए। घायल ने मामले की शिकायत बड़ो थानां पुलिस को दी है। शिकायत में बड़ी निवासी रवि ने बताया कि वह 9 जून को अपने धर्मकांटे पर था। इस दौरान संजय, उसका भाई विकास, कृष्ण व दो-तीन लड़के उसके पास आए और गाली-गलौच करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपीयो ने उसके ऊपर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुन लोगो को आता देखकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बड़ी थानां प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियो का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### लघु सचिवालय में किया गया समाधान शिविर का आयोजन

# पीपीपी और प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित 47 समस्याएं रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान सीवरेज की सफाई को लेकर मिली शिकायत के संदर्भ में उपयुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के सीजन से पहले पूरे शहर के शिविरों की सफाई करवाना सुचिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस बारे नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि नगर निगम द्वारा सीवरेज की सफाई के लिए अधिकारियों की कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो प्रतिदिन शहर की रिपोर्ट उनके सामने प्रस्तुत करेंगे। कहीं भी सीवरेज रूकने की दिक्कत आती है तो उसके लिए भी टीमें बनाई गई है जो तुरंत उस स्थान पर पहुंचक सीवरेज सफाई का कार्य करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि इसके अलावा गर्मी को देखते हुए हर घर को उचित पानी मिले, अगर पेयजल को लेकर कहीं भी समस्या आते है तो तुरंत उसका समाधान करें। समाधान शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, रजिस्ट्री, नो ड्यूज सर्टिफिकेट, पेंशन, राशन कार्ड, अपराध, बिजली, पानी, सिंचाई आदि विभागों की करीब 47 समस्याएं आई, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। अन्य शिकायतों के समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का मौके पर समाधान नहीं हो पाता, उनको ट्रैक करने के लिए अलग से व्यवस्था बनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त विराम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी मनवीर, नगराधीश पूजा कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अमन, यशिका का आईआईटी, जेईई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गोहाना।** स्थानीय विद्या मंदिर के मेधावी विद्यार्थी अमन और यशिका ने आईआईटी, जेईई एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अमन ने कॉमन रैंक लिस्ट 10752 व यशिका ने कॉमन रैंक लिस्ट 14725 प्राप्त कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा ने व्यक्तिगत रुप से बच्चों के तैयारी के तरीकों पर बात की। दोनों छात्रों ने कहा कि सैद्धांतिक अध्ययन और न्यूमेरिकल भाग पर ध्यान देकर आईआईटी में अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। छात्र शाखा संयोजक संतोष भारद्वाज, आचार्य अमरनाथ यती, दीपक कपूर, मोहित जिन्दल, अंजु और मोहिनी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।